# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 26.03.2025**

**#ANGELS IN KHAKI**

**#GOODCOPS**

***Social Media Alert, Real life Action***

***#Kudos to the Heroes in Khaki***

**# इटावा पुलिस की तत्परता सराहनीय #**

***मीडिया सेल इटावा एवं थाना भरथना पुलिस की तत्परता से बची 01 युवक की जिन्दगी।***

**एसएसपी इटावा के निर्देशन में मीडिया सेल इटावा द्वारा सोशल मीडिया पर की जा रही सतत निगरानी।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

**आज दिनांक 26.03.2025 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उत्तर प्रदेश लखनऊ की मीडिया मॉनीटरिंग टीम द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही थी इसी दौरान मेटा कम्पनी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की मीडिया मॉनीटरिंग टीम को 01 सुसाइडल स्टोरी भेजी गयी। गठित टीम द्वारा उक्त सुसाइडल स्टोरी जनपद इटावा क्षेत्रान्तर्गत होने के कारण इटावा की मीडिया मॉनीटरिंग टीम को प्रेषित की गयी।**

**इटावा पुलिस का मानवीय रूपः-**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कड़ी निगरानी रखने के दौरान उत्तर प्रदेश मुख्यालय से प्राप्त सुसाइडल स्टोरी पर त्वरित कार्यवाही करते हुये उक्त इन्स्टाग्राम आईडी का विश्लेषण कर ***"The last day of My life"*** **स्टोरी** को चैक किया गया तो व्यक्ति द्वारा *डाई की फोटो लगाते हुये यह दिन जिन्दगी का अन्तिम लिखा गया था* जिस पर व्यक्ति के बारे में इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्यों को एकत्रित किया गया जिससे वह स्टोरी थाना भरथना क्षेत्रान्तर्गत टीला खुशहालपुर की पायी गयी। जिस पर मीडिया सेल में नियुक्ति कर्मी अभय शुक्ला व अमन चौधरी द्वारा तत्काल उक्त जानकारी से प्रभारी निरीक्षक श्री देवेन्द्र सिंह थाना भरथना को अवगत कराया गया जिस पर थाना भरथना पुलिस टीम तत्परता दिखाते हुये मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि पीडित सुमित कुमार उपरोक्त ने आज दिनांक 26.03.2025 को बालो में लगाने वाली गोदरेज डाई को पी लिया था। पीडित को तत्काल सीएचसी भरथना ले जाया गया तथा उपचार दिलाया गया जिससे पीडित खतरे से बाहर है। पीडित ने बताया कि मेरी माँ श्रीमती आशा देवी शादी समारोह में पूडी बेलने जाती थी जिससे मुझे बुरा लगता था मैने माँ से कई बार मना किया फिर भी वह पूडी बेलने चली गयी थी जिससे दुखी होकर मैने डाई को पी लिया थी जिसे परिजनों की सहायता से निकट सीएचसी भर्ती कराया गया जहाँ उपचार के दौरान व्यक्ति की स्थिति सामान्य हो गयी।

***< सोशल मीडिया टीम एवं थाना भरथना टीम की सतर्कता के चलते आज 01 व्यक्ति की जान बचा ली गयी। >***

**पीड़ित का विवरणः-** सुमित कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी टीला खुशहालपुर थाना भरथना जनपद इटावा उम्र 22 वर्ष।